# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

क्रमांक 306 / परीक्षा / 2022,

भोपाल, दिनांक 13/6/2022

## संशोधित अधिसूचना

### (बी.पी.ई.एस. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष परीक्षा सत्र 2021–22)

पूर्व में जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभाग में संचालित बी.पी.ई.एस. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष नियमित/पूर्व छात्र/पूरक (सम्ब्द्ध महाविद्यालय/वि.वि.शैक्षणिक विभाग) हेतु परीक्षा सत्र 2021–22 के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी.ऑन लाईन के माध्यम से भरे जाने की तिथियां निम्नानुसार संशोधित कर निर्धारित की जाती हैं:–

| | |
|---|---|
| 01.सामान्य शुल्क के साथ | – 04/06/2022 से 13/06/2022 के स्थान पर दिनांक 21.06.2022 |
| 02.विलम्ब शुल्क रू. 300/– के साथ | – 22/06/2022 से 24/06/2022 |
| 03.विभाग द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि | – 25/06/2022 |
| 04.विशेष विलंब शुल्क रू.1000/–के साथ | – परीक्षा प्रारंभ होने से के 07 दिवस पूर्व तक उसके पश्चात कोई भी आवेदन मान्य नहीं किए जायेगें। |

ऑनलाईन प्रक्रिया :–विश्वविद्यालय की बेवसाइट (WWW.bubhopal.ac.in) पर online services पर क्लिक कर महाविद्यालय को पूर्व से प्रदाय किए गए कॉलेज लॉगिन मे जाकर फार्म भर सकेगें। असुविधा होने की स्थिति में महाविद्यालय प्राचार्य विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा/आई.टी.सेल से संपर्क कर समस्या का निवारण कर सकेगें। महाविद्यालय, परीक्षार्थी की पूर्व की समस्त अंकसूची की छायाप्रति परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

नोट (केन्द्र व्यय के संबंध में) :– वि.वि. की अधिसूचना क्रमांक 271/परीक्षा/2021 दिनांक 04.08.2021 के अनुक्रम में कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 15.02.2019 के पद क्रमांक 19/1/17 के निर्णय के परिपालन में एवं विश्वविद्यालयीन अधिसूचना क्रमांक 1037/परीक्षा/2019 दिनांक 24.06.2019 के अनुसार बरकतउल्ला वि.वि. से सम्ब्द्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष को सूचित किया जाता है कि समस्त परीक्षाओं में छात्रों से अग्रेषण शुल्क के साथ परीक्षा संचालन शुल्क के रूप में रू.100/– (एक सौ मात्र) द्वारा परीक्षा केन्द्र व्यय की राशि रू.100/– महाविद्यालय में जमा करने हेतु उन्हें अधिकृत किया जाता है जिन महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र वि.वि. द्वारा अन्य महाविद्यालयों को बनाया जावेगा वे महाविद्यालय उनसे संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व उक्त केन्द्र व्यय की राशि रू. 100/– प्रति छात्र संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करवायेगें जैसे कि नियमित परीक्षार्थी शुल्क रू. 1330–100/–(केन्द्र व्यय शुल्क) =रू.1230/– विश्वविद्यालय में जमा करेगें।

शुल्क विवरण:–

| | |
|---|---|
| 01. नियमित परीक्षार्थी (समस्त विषय हेतु) | – 1230+100=1330/– |
| 02 पूर्व छात्र (समस्त विषय हेतु) | – 1480+100=1580/– |
| 03. एक विषय हेतु परीक्षा शुल्क | – 660+100=760/– |

परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ. क्रमांक 307 परीक्षा/2022
भोपाल , दिनांक 13/6/2022

प्रतिलिपि:–––

1–समस्त प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु । कृपया जारी अधिसूचना को शिक्षण विभाग के नोटिस बोर्ड पर चिपकाने की व्यवस्था करें ।
2– उप–कुलसचिव/सहा.कुलसचिव/अनु.अधि. (गोपनीय/परीक्षा) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
3– अधिष्ठाता .छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
4– माननीय कुलपतिजी के सचिव के माध्यम से माननीय कुलपतिजी की ओर सूचनार्थ ।
5– कुलसचिवजी के निजसहायक के माध्यम से कुलसचिवजी की ओर सूचनार्थ ।
5– वित्त नियंत्रक, बरकतउल्ला वि.वि.भोपाल की ओर सूचनार्थ।
6– संचालक, एम.पी.ऑनलाईन म.प्र. की ओर उचित व्यवस्था एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया सुनिश्चित करें कि एम.पी.ऑनलाईन की हेल्पलाईन नं 4019401,4019406 तथा 4019414 पर कोई भी छात्र जानकारी चाहें तो उसे समय सीमा में उपलब्ध करायें।
7– प्रभारी आई.टी.सेल ब.वि.वि.की ओर सूचनार्थ ।
8– जनसम्पर्क अधिकारी/कन्ट्रोल रूम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
8– संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित ।

उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल